13 खेती की सेहत सुधारने शुरू हुआ अभियान



14 इंटरकनेक्शन से संतुलित होगा पानी का दबाव



## खबर संक्षेप

### रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) अबिनाश मिश्रा ने रिटर्निंग अधिकारी पंचायत एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी पंचायत नियुक्त किया है। उन्होंने पंच-सरपंच के उप निर्वाचन के लिए विकासखण्ड धमतरी, कुरूद, मगरलोड एवं नगरी हेतु संबंधित तहसीलदार को रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत एवं संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत नियुक्त किया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम के अनुसार कतिपय मामले में नामंजूर किए गए सरपंच एवं पंच के नाम निर्देशन पत्रों का पुनरीक्षण किए जाने विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुनरीक्षण अधिकारी होंगे।

### प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 को

**धमतरी।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में कठिनाई होती है तो कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक-85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा की ओएमआर शीट सुबह 9.30 से 10 बजे तक भरी जाएगी और प्राक्चयन परीक्षा सुबह 10 से दोपहर एक बजे होगी।

### उद्योग स्थापित करने ऑनलाइन आवेदन मंगाए

**धमतरी।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना वर्ष 2026-27 के तहत जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि येजना के तहत दाल मिल, राइस मिल, आटा, पोहा मिल, सूजी रवा, नमकीन मिठाई निर्माण, चिप्स, अचार, ब्रेड, चनाचूर, बड़ी, पापड़, मैगी, आइस कैण्डी, मशरूम उद्योग, मसाला उद्योग व दुग्ध आधारित उत्पाद तथा अन्य खाद्य पदार्थ इकाईयों की स्थापना की जा सकती है। व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को मान्य परियोजना लागत का 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिंक्ड पूंजीगत अनुदान प्रदान किया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रूपये होगी। जिले के डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन लोकेश चोपड़ा आकाश कुमार मोबाइल, संतोष कुमार, नेहा नागपुरी मोबाइल, प्रिया पटेल तथा डॉ. संदीप मेश्राम से सम्पर्क कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

# तीन माह के राशन वितरण में सुधार, बचे लाभार्थियों को मई-जून में पूरा राशन मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में तीन माह का एकमुश्त राशन वितरण अभियान अब गति पकड़ने लगा है। प्रारंभिक दिनों में अधिक भीड़ और स्टॉक की कमी के कारण कुछ हितग्राही राशन से वंचित रह गए थे, लेकिन अब स्थिति में सुधार हो रहा है। खाद्य विभाग द्वारा लगातार नई खेप भेजी जा रही है, जिससे राशन दुकानों में चावल की उपलब्धता बढ़ने लगी है। कई दुकानों में वितरण फिर से शुरू हो चुका है और लोगों को राहत मिल रही है।

योजना के तहत हितग्राहियों को अप्रैल, मई और जून माह का चावल एक साथ या अलग-अलग लेने की सुविधा दी गई है। जिन लोगों को पहले एक या दो माह का ही चावल मिल पाया था, वे अब शेष चावल मई या जून में भी प्राप्त कर सकते हैं। सहायक खाद्य अधिकारी ने बताया कि तकनीकी लिंक फिर से सक्रिय हो गया है, जिससे बायोमेट्रिक मशीन में जानकारी अपडेट हो रही है और हितग्राहियों को उनका पूरा राशन मिलना शुरू हो गया है।

**सभी को मिलेगा पूरा राशन :** खाद्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कोई भी हितग्राही अपने हक से वंचित नहीं रहेगा। जिन लोगों को अप्रैल में राशन नहीं मिल पाया है, उन्हें आगामी महीनों में पूरा लाभ दिया जाएगा। विभाग का लक्ष्य है कि सभी पात्र परिवारों तक समय पर राशन पहुंचाकर योजना का पूरा लाभ सुनिश्चित किया जाए।

## अब भंडार और तकनीकी सुधार से राशन वितरण तेज और सुविधाजनक

### सर्वर व भीड़ की समस्या में आई कमी

शुरुआती दिनों में एक साथ अधिक संख्या में हितग्राहियों के पहुंचने से सर्वर धीमा पड़ गया था और वितरण प्रक्रिया प्रभावित हुई थी। एक लाभार्थी को तीन माह का राशन लेने के लिए कई बार फिंगरप्रिंट लगाना पड़ रहा था, जिससे समय अधिक लग रहा था। अब भीड़ नियंत्रित होने और तकनीकी सुधार के बाद वितरण प्रक्रिया तेज हो गई है और दुकानों में लंबी कतारें भी कम होने लगी हैं।




### शक्कर व केरोसिन आपूर्ति में भी होगा सुधार

राज्य स्तर पर टेंडर प्रक्रिया के कारण शक्कर वितरण प्रभावित हुआ था, लेकिन विभाग ने भरोसा दिलाया है कि आने वाले समय में इसकी आपूर्ति भी नियमित हो जाएगी। इसी तरह केरोसिन की मांग को देखते हुए आपूर्ति बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि बीपीएल परिवारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

4 पैक्स अंवरी, कोसमर्रा, आमदी (पोटियाडीह) एवं भखारा (कोलियारी) में भंडारण व्यवस्था होगी सुदृढ़

# धमतरी में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना में तेजी

छग शासन की महत्वाकांक्षी पहल विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में धमतरी जिला उल्लेखनीय प्रगति दर्ज कर रहा है। एनसीसीएफ रायपुर द्वारा जिले की 4 विभिन्न प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) को गोदाम हायरिंग एश्योरेंस लेटर जारी कर योजना को गति प्रदान की गई है। इस क्रम में पैक्स अंवरी, कोसमर्रा, आमदी (पोटियाडीह) एवं भखारा (कोलियारी) में भंडारण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

प्रत्येक गोदाम 2500 मीट्रिक टन चना भंडारण की क्षमता का होगा, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले में अब तक 97 हजार क्विंटल चने की खरीदी की जा चुकी है, जबकि प्रारंभिक लक्ष्य 1 लाख क्विंटल निर्धारित किया गया था। विशेष बात यह है कि लक्ष्य के निकट पहुंचने के बावजूद खरीदी की प्रक्रिया निरंतर जारी है और आवश्यकता अनुसार इसे और बढ़ाया जा सकता है। पूरे छत्तीसगढ़ में खरीदे गए चने का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा अकेले धमतरी जिले से खरीदा जाना इस जिले की कृषि क्षमता और प्रशासनिक दक्षता को दर्शाता है। योजना अंतर्गत आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को भी तेजी से पूर्ण किया गया है। एग्रीमेंट की प्रति, एमओयू तथा अन्य जरूरी दस्तावेज संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर दिए गए हैं। साथ ही, योजना के सुचारू संचालन और जमीनी स्तर पर आने वाली शंकाओं के समाधान हेतु एनसीसीएफ मुख्यालय, नई दिल्ली के साथ संबंधित पैक्स एवं आरसीएस अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना का उद्देश्य प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के माध्यम से गांव स्तर पर गोदाम, प्रोसेसिंग यूनिट और कस्टम हायरिंग सेंटर बनाकर खाद्यान्न की बर्बादी को रोकना और किसानों को सही दाम दिलाना है।



### चना खरीदी में बनाया नया कीर्तिमान



इस संबंध में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले ने चना खरीदी और भंडारण व्यवस्था में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह उपलब्धि किसानों की सक्रिय भागीदारी, सहकारी समितियों की मेहनत और प्रशासन की सतत निगरानी का परिणाम है। हमारा प्रयास है कि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिले और भंडारण की वैज्ञानिक व्यवस्था के माध्यम से नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

# खराब मौसम और सुस्त उठाव से चने की खरीदी में ब्रेक

- तरसींवा में 15 हजार, कुरूद में 9 हजार, लोहरसी में 5 हजार क्विंटल से ज्यादा चना जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खराब मौसम और उठाव की सुस्त रफ्तार ने चना खरीदी करने वाली समितियों की नींद उड़ा दी है। तरसींवा में तो 15 हजार क्विंटल से ज्यादा चना जाम पड़ा है। वहीं कुरूद में 9 हजार, लोहरसी में 5 हजार क्विंटल से ज्यादा चना जाम है। मसूर और सरसों का उठाव नहीं हुआ है। धान खरीदी के पुराने तिरपाल से इस सामग्रियों को ढंककर रखा गया है।

चना, सरसों और मसूर की खरीदी तो जोर-शोर से चल रही है लेकिन उठाव में सुस्ती से खरीदी व्यवस्था डगमगा गई है। मंगलवार रात की बारिश ने हालत और खराब कर दी है। चना पानी थोड़ा भी नहीं सहता है, इसलिए तरसींवा, कुरूद, लोहरसी, संबलपुर जैसे बड़े खरीदी केंद्रों में शाम से कर्मचारी चना के लॉट को ढंकने में व्यस्त हो गए थे। रात 9 बजे तक वे चने के स्टेक को अच्छे से ढंकने में जुटे रहे। कुछ बारदाने हल्के फुल्के भीग भी गए। बारिश ज्यादा होती तो परेशानी और बढ़ जाती। स्थिति को देखते हुए अधिकांश खरीदी केंद्रों में बुधवार को खरीदी बंद रखी गई। बुधवार शाम 7.30 बजे मौसम में परिवर्तन आया और बूंदाबांदी हुई। मौसम में उतार चढ़ाव को देखते हुए समिति कर्मचारियों और किसानों ने चना, मसूर और सरसों का उठाव तेज करने की मांग की है।



### यह है खरीदी केंद्रों की स्थिति

चना खरीदी केंद्रों में उठाव की स्थिति देखें तो अब तक 96 हजार 260 क्विंटल चना, 259 क्विंटल सरसों और 41 क्विंटल मसूर की खरीदी की गई है। इसमें से 49 हजार 265 क्विंटल चना का उठाव किया गया है। मसूर और सरसों का एक बीज नहीं उठाया गया है। सबसे ज्यादा तरसींवा में चना जाम है। यहां पर 29 हजार 885 क्विंटल चने की खरीदी की गई है, जिसमें 13 हजार 170 क्विंटल का ही उठाव किया गया है। बाकी 16 हजार 715 क्विंटल समिति में ही पड़ा हुआ है। चने की मात्रा ज्यादा होने के कारण चबूतरे कम पड़ गए हैं। धान के भूसों पर स्टेक बनाया गया है। लोहरसी खरीदी केंद्र में 15 हजार 751.50 क्विंटल चने की खरीदी की गई है। 10 हजार 290 क्विंटल का उठाव किया गया है। 5 हजार 461.50 क्विंटल शेष है। कुरूद में 9 हजार 51.50 क्विंटल, संबलपुर में 3 हजार 258, कातलबोड़ में 2 हजार 983 क्विंटल, भखारा में 6 हजार 678 क्विंटल चना जाम है।

### किसानों का पेमेंट भी अटका

उठाव नहीं होने के कारण किसानों को भुगतान भी नहीं मिल रहा है। अब 5655 करोड़ 28 लाख रुपए का चना खरीदा जा चुका है, इसमें से किसानों को 15 करोड़ 50 लाख रुपए का ही भुगतान किया गया है। स्थिति यह है कि जिन किसानों ने एक माह पहले चना बेचा था, उन्हें अब तक पेमेंट नहीं मिला है। सरसों और मसूर बेचने वालों को तो फूटी कौड़ी का भुगतान नहीं किया गया है।

# सड़क हादसे में दादी-नाती सहित चार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- ग्राम सांकरा मोड़ की घटना

बैंक के काम से संबलपुर जा रहे मोपेड सवार को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार ठोकर मार दी। इस हादसे में मोपेड में सवार दादी, नाती, दादा व बाइक सवार युवक घायल हो गए।

घायलों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम कसही-बोड़रा निवासी धरमलाल यादव उम्र 58 वर्ष बुधवार की सुबह पत्नी सीताबाई यादव उम्र 55 वर्ष व नाती शशांक यादव पिता संजय उम्र ढाई वर्ष के साथ मोपेड में सवार होकर बैंक से पैसा निकालने व डाक्टर को दिखाने के लिए ग्राम संबलपुर आ रहे थे। मोपेड नेशनल हाईवे पर पहुंची थी कि उसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार बाइक में राजेंद्र यादव पिता रज्जूलाल उम्र 23 वर्ष एक युवती के साथ आ रहा था। बाइक चालक ने आगे जा रही मोपेड को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। घटना में मोपेड में सवार सीताबाई यादव के सिर में गंभीर चोट लगी है। वहीं शशांक भी घायल हो गया है। दादा धरमलाल के पैर में चोट आई है। बाइक चालक व सवार युवती को भी चोट लगी है। इसी दौरान वहां से गुजर रही हाइवे पेट्रोलिंग ने संजीवनी 108 को घटना की सूचना दी। एंबुलेंस के पहुंचने पर सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बाइक को जब्त कर अर्जुनी थाना पहुंचा दिया। अस्पताल में घायलों का प्राथमिक उपचार कर महिला व उसके नाती को वार्ड में भर्ती किया गया है। वहीं घायल बाइक चालक राजेंद्र प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से चला गया।



# एनएसयूआई आज घेरेगी मुख्यमंत्री निवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ एनएसयूआई द्वारा छात्र हितों को लेकर 7 मई को रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। ए न ए स यू आ ई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि इस आंदोलन में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ छात्रों को संबोधित करेंगे। धमतरी जिले से हजारों छात्र-छात्राएं इस आंदोलन में भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। यह आंदोलन केवल एक विरोध नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं के अधिकार, सम्मान और भविष्य की लड़ाई है।

# छत से गिरकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- ग्राम पाईकभाठा की घटना

छत पर चढ़कर नए बन रहे मकान की दीवार में पानी डालते समय युवक नीचे गर गया। इस घटना में युवक की मौत हो गई ।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम पाईकभाठा निवासी रमेश अडिल पिता पूरन उम्र 42 वर्ष सोमवार की शाम अपने घर की छत पर चढ़कर नए बन रहे मकान की दीवार पर पानी डाल रहा था। इस दौरान उसके घर में कोई नहीं था। दीवार पर पानी डालते समय युवक अनियंत्रित होकर जमीन पर गिर गया। मंगलवार की सुबह भाई राजकुमार अडिल पानी डालने के लिए उसी छत पर चढ़ा तो रमेश को जमीन में पड़ा देखा। उसे उपचार के लिए तत्काल नगरी अस्पताल पहुंचाया गया जहां से रिफर करने पर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज के दौरान मंगलवार की रात्रि युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।







## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक** (NSDC)
**मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस** (MIPS)
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स**

**महोदय,**

..........................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..........................
2. पिता/पति का नाम ..........................
3. जन्मतिथि अंकों में ..........................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..........................
   मोबाइल नंबर ..........................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..........................
7. शैक्षणिक योग्यता ..........................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

## खबर संक्षेप



### आठवें वेतन आयोग को भेजे गए अहम सुझाव

**नगरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग को कर्मचारियों और अधिकारियों के हित में कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रेषित किए हैं। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा और ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव के नेतृत्व में भेजे गए प्रस्तावों में न्यूनतम वेतन 30,000 से 32,500 प्रतिमाह निर्धारित करने की मांग प्रमुख है। इसके साथ ही फिटमेंट फैक्टर 3.68 लागू करने और वार्षिक वेतनवृद्धि को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत करने का सुझाव दिया गया है। फेडरेशन ने गृह भाड़ा भत्ता, यात्रा भत्ता और जोखिम भत्ता में वृद्धि के साथ चिकित्सा भत्ता 3000 प्रतिमाह करने की भी मांग रखी है। फेडरेशन ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली को सबसे महत्वपूर्ण मांग बताया है। इसके तहत एनपीएस यूपीएस समाप्त कर अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत प्लस डीए पेंशन देने और ग्रेच्युटी सीमा 30 लाख करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने तथा महिला कर्मचारियों को 1000 दिन का चाइल्ड केयर लीव देने की मांग भी शामिल है। बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के लिए 25 प्रतिशत विशेष भत्ता देने का सुझाव दिया गया है। कमल वर्मा ने कहा कि इन मांगों के लागू होने से कर्मचारियों को बेहतर जीवन स्तर मिलेगा।

### पश्चिम बंगाल में विकास और विश्वास की जीत : बल्ला

**पुरी।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बल्ला चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोक कल्याणकारी नीतियां, विकास कार्य, सुशासन की सोच, महिला सशक्तिकरण की सोच का परिणाम है। जनता ने एक बार फिर विकास विश्वास और पारदर्शिता की राजनीति पर जनता ने मुहर लगाई है। यह केवल राजनीतिक जीत नहीं है बल्कि आम जनता की जीत है।



# श्रद्धालु श्रीराम लला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंवरी

छत्तीसगढ़ शासन की अयोध्या तीर्थ योजना रामलला दर्शन योजना अंतर्गत नगर पंचायत क्षेत्र से चार श्रद्धालुओं का चयन धमतरी में लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया गया। चयनित श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम लला के दर्शन हेतु रवाना किया गया।

इस अवसर पर नगर पंचायत परिसर में श्रद्धालुओं का गुलाल एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। साथ ही आईकार्ड वितरित कर यात्रा से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सावधानियों की जानकारी भी दी गई।

तीर्थ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं में श्रीमती भानू बाई निषाद, ताराचंद साहू, धिरजा बाई साहू एवं उत्तरा बाई साहू शामिल हैं। कार्यक्रम में हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, शोभा साहू, पुनेश्वर साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।



### अयोध्या तीर्थ योजना : भक्तों को गुलाल-तिलक लगाकर दी गई विदाई

**यह योजना प्रदेश सरकार की सराहनीय पहल**

अतिथियों ने श्रद्धालुओं को शुभयात्रा की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि यह योजना प्रदेश सरकार की सराहनीय पहल है, जिससे आमजनों को भगवान श्रीरामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। सीएमओ हरिकिशन पावरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन के नेतृत्व में पूरी टीम ने श्रद्धालुओं को सम्मानपूर्वक विदाई देते हुए उनके सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की।

## भोयना में तालाब निर्माण और जल संरक्षण के जरिए ग्रामीण हो रहे सशक्त

# "नवा तरिया आय के जरिया" आत्मनिर्भरता की नई राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भोयना में नवा तरिया आय के जरिया योजना के अंतर्गत ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया गया है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026 में राशि 10 लाख रुपये की लागत से 50-50 मीटर नवीन तरिया (तालाब) के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसमें 35 श्रमिकों को प्रतिदिवस काम मिल रहा है।

ग्राम पंचायत भोयना जो पहले जल संकट और सीमित आजीविका साधनों की समस्या से जूझ रहा था अब इस नई योजना के माध्यम से विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है। नवा तरिया का निर्माण कार्य प्रारंभ होने से गांव में जल संचयन की बेहतर व्यवस्था बनने की उम्मीद है। इससे आने वाले समय में सिंचाई सुविधा में सुधार होगा और कृषि कार्य अधिक सुगम बन पाएगा। इस योजना की शुरुआत ग्राम सभा में लिए गए सामूहिक निर्णय के आधार पर हुई जहां ग्रामीणों ने जल संरक्षण एवं आय के नए स्त्रोत विकसित करने पर विचार-विमर्श किया।

पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के सहयोग से नवा तरिया आय के जरिया योजना को ग्राम में लागू किया गया। वर्तमान में तालाब की खुदाई, गहरीकरण एवं मेड़बंदी जैसे कार्य प्रगति पर हैं और जल संरक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय मजदूरों को रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे उन्हें आर्थिक रुप से लाभ मिल रहा है। भविष्य में इस तरिया के पूर्ण रूप से तैयार होने के बाद गांव में मछली पालन, सिंघाड़ा उत्पादन एवं मखाना की खेती जैसे विविध आय के स्त्रोत विकसित किए जाएंगे। विशेष रुप से स्वयं सहायता समूहों एवं गांव के युवाओं को इन गतिविधियों से जोड़ने की योजना बनाई जा रही है। उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा जिससे वे इन कार्यों को सफलतापूर्वक संचालित कर सकें। तालाब के उथले हिस्सों में सिंघाड़ा की खेती की जाएगी जिसमें महिलाओं की भागीदारी विशेष रुप से बढ़ेगी। इससे महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनने का अवसर मिलेगा। मखाना की खेती जो इस क्षेत्र में एक नई पहल होगी। भविष्य में अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत बन सकती है क्योंकि बाजार में इसकी अच्छी मांग है। ग्राम पंचायत भोयना के सरपंच एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। वे ग्रामीणों को योजना के लाभों के बारे में जागरुक कर रहे हैं।

## किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग के फायदे बताए



**दरगहन और पथर्रीडीही में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नगरी

कृषि में नवाचार और किसानों को जागरूप करने के लिए कृषि विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम दिवस ग्राम पंचायत दरगहन और पथर्रीडीही में किसानों को उर्वरकों के संतुलित उपयोग, नील हरित काई एवं हरि खाद उपयोग, उन्नत तकनीकों से खेती करने, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर खाद उपयोग, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग, बीज उपचार का जीवंत प्रदर्शन कराया गया गया।

ग्राम दरगहन में लक्ष्मी धुव सरपंच, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लालेश साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजेश्वर केकती, उद्यान विस्तार अधिकारी चंद्र प्रकाश साहू, सचिव रेवत साहू एवं पथर्रीडीही में सरपंच दुर्गेश चंद्रवंशी पंच, ग्राम पटेल, रामनाथ साहू मत्स्य विभाग, अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनोज सागर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी खिलावन दास साहू उपस्थित थे।

## श्रीराम, सीता, लक्ष्मण दरबार की प्राण प्रतिष्ठा 7 व 8 को, श्रद्धालुओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नगरी

- रात्रि 8 बजे से मिथिलेश्वरी सेन की होगी भजन संध्या

नगर के श्रीराम नगर वार्ड क्रमांक 03 स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीराम दरबार की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव स्व जगेश्वर यादव की पुण्य स्मृति में रखा गया है, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजन समिति ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ 7 मई गुरुवार को प्रातः 10 बजे होगा। 8 मई शुक्रवार को प्रातः 11 बजे हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा। 1 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है। 8 मई की रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रसिद्ध



कलाकार मिथिलेश्वरी सेन द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजन संध्या में भगवान श्रीराम के भजनों की मधुर प्रस्तुति से पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाया जाएगा।

आयोजन में भोलाराम-सुनीता यादव, कैलाश-कांति यादव, राजू-जीना यादव, परदेशी-जानकी यादव, मनीष-राधिका यादव तथा किशन-रोशनी यादव सहित जयवती यादव एवं हरीश लखेश्वरी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का भी संदेश देगा।

## अंचल की खबरें

### बेटियों ने दी पिता को मुखाग्नि



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गाड़ाडीह आर निवासी क्रांति कुमार गजेंद्र का अस्वस्थता के चलते 5 मई मंगलवार की मध्य रात्रि निधन हो गया। क्रांति कुमार रेलवे विभाग में पदस्थ थे। उनकी दोनों पुत्री पलक गजेंद्र एवं नेहा गजेंद्र ने मुखाग्नि देकर अंतिम विदाई दी। वे बंशीलाल गजेंद्र के पुत्र एवं डागेश्वर गजेंद्र के बड़े भाई थे। उनके निधन से परिवार और गांव में शोक की लहर है।

### मंगल भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**जीजामगांव।** विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से ग्राम मड़ेली के गौठान चौक पानी टंकी के पास मंगल भवन निर्माण के लिए मंडी बोर्ड से 28 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। विकास कार्यों का भूमिपूजन ग्राम विकास समिति एवं ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, ठाकुरराम साहू जनपद सदस्य, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष, बीना लक्ष्मी नारायण साहू सरपंच, ओमप्रकाश देवांगन उपसरपंच, संतराम साहू अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति, ताराचंद साहू उपाध्यक्ष, शेखर साहू मीडिया प्रभारी, चेतन सांखरे सचिव, प्रेमनारायण साहू सचिव, रामगुलाल साहू, नारायण साहू, यशवंत साहू उपस्थित थे। ग्रामीणों ने मंगल भवन निर्माण होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे शादी ब्याह सहित विभिन्न आयोजन अच्छे से होंगे।

### सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**अंवरी।** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए तहसील परिसर के समीप सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार भूपेश चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरि पावरिया, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर पार्षद मेघनाथ साहू सहित अधिवक्ता संघ के जितेंद्र तेलासी, तोरण साहू, इंजीनियर ज्योति साहू, देवेंद्र कुमार, नम्मू लाल साहू, राधेलाल साहू व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान प्रतीकात्मक रूप से कुदाल चलाकर निर्माण कार्य की शुरुआत की गई।

### पांचवीं एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**नगरी।** प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल नगरी में कक्षा पांचवीं एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा आठवीं में योगेंद्र यादव 96 प्रतिशत, सानिया मिर्जा 94.17 प्रतिशत एवं श्रद्धा सोनी ने 92.83 प्रतिशत अंक हासिल किया। कक्षा पांचवी में वीरेश साहू 96.50 प्रतिशत, अदिति साहू 94.50 प्रतिशत एवं अथर्व मेहरा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। शाला प्रबंधक विकल गुप्ता, प्राचार्या सुनीता कश्यप एवं शिक्षकगणों ने सभी सफल विद्यार्थियों से निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की बात कही।

## कोचिंग क्लास में छात्रों को मिल रहे करियर टिप्स

- तहसील साहू समाज के सहयोग से छात्रावास बांसपारा में नि:शुल्क कोचिंग क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

रविवार को तहसील साहू समाज धमतरी शहर की बैठक साहू छात्रावास बांसपारा धमतरी में हुई एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि इस कोचिंग क्लास में सभी समाज के विद्यार्थी जो नवमी से 12वीं तक अध्यनरत हैं, शामिल हो सकते हैं तथा जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं वे भी शामिल हो सकते हैं। प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक क्लास चलती है जिसमें अलग-अलग विषयों के विशेषज्ञ जानकारी प्रदान करते हैं। यह कोचिंग क्लास



सभी समाज के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क है। कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ गणेशप्रसाद साहू द्वारा नौ पुस्तकें लाइब्रेरी में रखने भेंट की। मौके पर जिला साहू समाज के अध्यक्ष गणेशराम साहू, महासचिव विजय साहू, उपाध्यक्ष लीलाराम साहू, कोषाध्यक्ष संतराम साहू, सचिव कमलेशकांत साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक सीमंत साहू, अमृतलाल साहू, शहर तहसील अध्यक्ष श्रीमती चंद्रभागा साहू, उपाध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, संरक्षक गोपी किशन साहू, मदन साहू, कोमल साहू, बंशी साहू, विजय साहू, रामेश्वर साहू तथा वार्ड एवं परिक्षेत्र अध्यक्षगण व तहसील पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 10वीं में रूपाली व 12वीं में लक्ष्मी अव्वल

- पचपेड़ी स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। संस्था के कार्यक्रम अधिकारी मिथलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष कक्षा दसवीं में 50 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 49 विद्यार्थी उत्तीर्ण एवं 1 विद्यार्थी को पूरक की पात्रता रही। दसवीं में 35 छात्रों ने प्रथम श्रेणी एवं 14 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। दसवीं में रूपाली साहू और साधना बंजारे ने संयुक्त रूप से 89.66 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्रथम, डोमेन्द्र साहू एवं हिना ने संयुक्त रूप से 80.33 प्रतिशत अंक के साथ



कक्षा में द्वितीय तथा सागर साहू ने 80 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 12वीं में 76 विद्यार्थी पंजीकृत रहे जिसमें से 74 विद्यार्थी उत्तीर्ण एवं 2 विद्यार्थियों को पूरक की पात्रता रही। कक्षा 12वीं में 51 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 23 विद्यार्थी द्वितीय रहे। कक्षा 12वीं में लक्ष्मी साहू ने 95.6 प्रतिशत अंक के साथ संस्था एवं कक्षा में प्रथम, थनेंद्र साहू 91.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय एवं दामिनी साहू ने 90.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय रहे। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 98 और 12वीं का 97.36 प्रतिशत रहा। प्राचार्य विनोद कुमार ठाकुर, वरिष्ठ व्याख्याता रवींद्र कोसरे, चंद्रहास साहू, साहूकार साहू, मेघराज साहू, कमलेश कंवर, मिथिलेश सिन्हा, हरिश्चंद्र पटेल, प्रदीप मानिकपुरी, सुरेश निषाद, पुष्पलता ठाकुर, मीना सिन्हा, सुशील बघेल, योगिता साहू, प्रमिला बारले और हेमेंद्र कुमार मेश्राम ने हर्ष व्यक्त किया है।

## हितग्राही राशि के लिए नपं-तहसील कार्यालय का काट चक्कर रहे

# भूमिहीन मजदूर कल्याण योजना सिर्फ कागजों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भखारा

नगर पंचायत भखारा भठेली के लगभग 300 व्यक्तियों को आज तक भूमिहीन मजदूर कल्याण योजना का लाभ नहीं मिला है। ये लोग कभी नगर पंचायत तो कभी तहसील कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।

ज्ञात हो कि भूमिहीन मजदूर कल्याण योजना के तहत 25 मार्च को तहसील कार्यालय से 30 लोगों के खाते में 10-10 हजार की राशि खाते भेजी गई थी। कई लोगों का नाम लिस्ट से गायब है। हितग्राही अपने हक की मांग को लेकर भटक रहे हैं। पीड़ित हितग्राहियों ने नगर पंचायत भखारा और तहसील कार्यालय का घेराव किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी और तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह में आपकी समस्या का समाधान किया जाएगा।



### सुशासन तिहार सिर्फ दिखावा है : संतोषी

उक्त अवसर पर पूर्व पार्षद संतोषी निषाद ने कहा कि सुशासन तिहार सिर्फ एक दिखावा है। पांच महीने से वृद्धा पेंशन की राशि नहीं आई है। भूमिहीन मजदूर व्यक्ति दर-दर भटक रहे हैं। भरत नाहर ने कहा कि हम हमेशा से किसान मजदूर के साथ हैं। वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद मेघनाथ साहू ने कहा कि लोगों को भ्रमित करने का काम नगर पंचायत कर रही है। इस अवसर पर पीड़ित हितग्राही एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा**
**जिला धमतरी छ.ग.**
**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चांडुमल सोनी पिता स्व. रावलमल सोनी जाति सोनार निवासी ग्राम वार्ड-4 नगर पंचायत भखारा पटवारी हल्का नं. 18 तहसील भखारा द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है उसके पिता रावलमल सोनी की मृत्यु दिनांक 26/05/2022 को हो चुका है। आवेदक के पिता रावलमल सोनी द्वारा Edelweiss Asset Reconstruction Comoany limited Baranch Raipur से लिया हुआ था जिसकी राशि की अदायगी आवेदक के पिता रावलमल सोनी द्वारा जीवनकाल अदा कर दिया गया है। आवेदक के पिता द्वारा जमा किये गये दस्तावेज को वापस प्राप्त करने हेतु आवेदक उत्तराधिकारी की मांग किया है।

अतः आवेदक के आवेदन पत्र के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या हित बद्व पक्षकार/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 08/05/2026 के पूर्व स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मुहर
तहसीलदार
भखारा

**ईश्तहार /आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार आशीष सोनकर पिता जीवन लाल सोनकर जाति सोनकर निवासी दुर्गा चौक भाठा गांव रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम भखारा के कृषक कविता सोनी पति रावलमल सोनी, चांडुमल सोनी, रावलमल सोनी, ना.बा. राधिका पिता रावलमल सोनी जाति सोनार के नाम पर ग्राम भखारा प.ह.न. तहसील भखारा जिला धमतरी में लगानी भुमि ख.नं. 714/1 रकबा 0.02 हे. भूमि एवं भूमि पर पक्का निर्माण निर्मित है जिसे घरेलु व दीगर कार्य हेतु रकम की आवश्यकता पडने पर मेरे पक्षकार के पास विक्रय का पक्का सौदा कर दो गवाहो की उपस्थिति में बतौर पेटे /ब्याना प्राप्त कर लिया है सिर्फ रजिस्ट्री /पंजीयन किया जाना शेष है। तथा उक्त भूमि व मकान के विक्रय पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय संस्था या अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, निगम /वित्तिय निकाय या किसी को कोई आपत्ति या संपत्ति के स्वत्व के संबध में दावा है तो मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति दस्तावेज सहित दिनांक 15/05/2026 तक पेश कर सकते है तथा उक्त म्याद के बाद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नही रहेगा एवं अवैध व शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक :- 06/05/2026

प्रेषक
तोरण कुमार साहू (अधिवक्ता)
राजस्व न्यायालय भखारा,
निवासः- अटल चौक भखारा,
तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)
मो.नं.- 7000014151

**ईश्तहार /आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आशीष सोनकर पिता जीवन लाल सोनकर जाति सोनकर निवासी दुर्गा चौक भाठा गांव रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा के द्वारा निवासी ग्राम गुजरा तहसील भखारा जिला धमतरी के निवासी उत्तम पिता घना राम साहू जाति तेली के द्वारा इकरारित भूमि ग्राम बगदेही प.ह.न. 0021 तहसील भखारा जिला धमतरी में लगानी भूमि ख.नं. 1175 रकबा 0.50 हे. भूमि है जो राजस्व अभिलेख दर्ज चली आ रही है जिसका भूमि स्वामी में सुमेश कुमार पिता सुकलाल जाति तेली नाम पर दर्ज चली आ रही है जिसे विक्रेता के द्वारा पावर आफ एटानी के आधार पर विक्रय किया रहा है तथा घरेलु व दीगर कार्य हेतु रकम की आवश्यकता पडने पर मेरे पक्षकार के पास विक्रय का पक्का सौदा कर दो गवाहों की उपस्थिति में बतौर पेटे/ब्याना प्राप्त कर लिया है सिर्फ रजिस्ट्री / पंजीयन किया जाना शेष है। तथा उक्त कृषि भूमि के विक्रय पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय संस्था या अर्ध्दशासकीय संस्था बैंक, निगम / वित्तिय निकाय या किसी को कोई आपत्ति या संपत्ति के स्वत्व के संबंध में दावा है तो मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति दस्तावेज सहित दिनांक 15/05/2026 तक पेश कर सकते हैं तथा उक्त म्याद के बाद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नही रहेगा एवं अवैध व शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक :- 06/05/2026

प्रेषक
तोरण कुमार साहू (अधिवक्ता)
राजस्व न्यायालय भखारा,
निवासः- अटल चौक भखारा,
तहसील भखारा जिला धमतरी (छ.ग.)
मो.नं.- 7000014151

**ईश्तहार/आमसूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गायत्री ठाकुर पिता छोटे लाल ठाकुर जाति गोड निवासी भाठागांव रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा निवासी जी.ई. रोड ऐश्वर्या रेसीडेंसी तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर के निवासी महेश देवांगन पिता उजियार सिंग देवांगन के द्वारा इकरारित भूमि ग्राम कोलियारी प.ह.न. 007 तहसील भखारा जिला धमतरी में लगानी भूमि ख.नं. 603/2 रकबा 0.50 हे. भूमि है जो राजस्व अभिलेख में अरूण कुमार पिता रामेश्वर नेताम जाति गोड निवासी रायपुर के नाम पर दर्ज चली आ रही है जिसे विक्रेता के द्वारा पावर आफ एटानी के आधार पर विक्रय किया रहा है तथा घरेलु व दीगर कार्य हेतु रकम की आवश्यकता पड़ने पर मेरे पक्षकार के पास विक्रय का पक्का सौदा कर दो गवाहो की उपस्थिति में बतौर पेटे/ब्याना प्राप्त कर लिया है सिर्फ रजिस्ट्री /पंजीयन किया जाना शेष है। तथा उक्त कृषि भूमि के विक्रय पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय संस्था या अर्ध्दशासकीय संस्था बैंक, निगम/ वित्तिय निकाय या किसी को कोई आपत्ति या संपत्ति के स्वत्व के संबध में दावा है तो मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति दस्तावेज सहित दिनांक 15/05/2026 तक पेश कर सकते है तथा उक्त म्याद के बाद की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नही रहेगा एवं अवैध व शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा।

सो सूचना जाने।

दिनांक :- 06/05/2026

प्रेषक
तोरण कुमार साहू (अधिवक्ता)
राजस्व न्यायालय भखारा
निवासः- अटल चौक भखारा तहसील भखारा
जिला धमतरी (छ.ग.)मो.नं. 7000014151

## खबर संक्षेप

### दंतेश्वरी पीजी कॉलेज में पीपीटी परीक्षा आज

**दंतेवाड़ा।** शासकीय दंतेश्वरी पीजी कॉलेज दंतेवाड़ा में 7 मई को पीपीटी परीक्षा का आयोजन होगा। कलेक्टर के निर्देशानुसार परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित के निर्देश दिए गए है। इस परीक्षा में कुल 50 अभ्यर्थी शामिल होगें। जिनके लिए व्यवस्थित बैठने एवं सुरक्षा की उचित व्यवस्था की गई है। नोडल अधिकारी भरतराम ध्रुव के मार्गदर्शन में परीक्षा व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जायेगा।

### महिलाओं के लिए कैंसर जांच शिविर कल

**दंतेवाड़ा।** विश्व रेड क्रॉस दिवस 8 मई के अवसर पर जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में महिलाओं के लिए निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर किया जा रहा है। शिविर में महिलाओं में सामान्य रूप से पाए जाने वाले ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक जांच की जाएगी। साथ ही सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा दंतेवाड़ा डॉ. अजय रामटेके ने जिले की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

### जनसमस्या निवारण शिविर में 133 आवेदन मिले

**बस्तर।** सुशासन तिहार के तहत नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 2, 3, 4 व 12 के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन पुराना नगर पंचायत कार्यालय में किया गया। शिविर में कुल 133 आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त हुए। शिविर में सुशासन तिहार के तहत पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी भी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुणपाल लहरे ने बताया कि नगर पंचायत में 21, राजस्व विभाग में 82, महिला एवं बाल विकास विभाग में 5, खाद्य विभाग में 1, आधार कार्ड में 16 व अन्य में 8 मिले आवेदन मिले। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। अधिकारियों ने कहा कि सभी आवेदनों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाएगा। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य है।

# सिरसिदा में हरित क्रांति ने महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कुरुद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सिरसिदा आज एक ऐसी मिसाल बनकर उभरा है जहां सरकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी मिलकर विकास की नई इबारत लिख रहे हैं। मनरेगा योजना के तहत किए गए पौधरोपण निर्माण कार्य ने इस गांव की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी है।

वित्तीय वर्ष 2020-21 में ग्राम पंचायत सिरसिदा में 6 एकड़ भूमि पर पौधरोपण कार्य की योजना बनाई गई। इस योजना अंतर्गत आम के 900, अमरुद के 300 और करौंदा के 800 पौधे लगाए गए। इस पूरे कार्य पर लगभग 11.32 लाख रुपये की लागत आयी। शुरुआत में यह एक सामान्य रोजगार उपलब्ध कराने वाली योजना के रुप में देखी गई लेकिन समय के साथ इसने एक स्थायी आजीविका मॉडल का रुप ले लिया। गांव की महिलाओं ने न केवल मजदूरी के रुप में इस कार्य में योगदान दिया बल्कि पौधों की देखरेख, सिंचाई, खाद-पानी की व्यवस्था और सुरक्षा का जिम्मा भी अपने हाथों में लिया। उन्होंने इस कार्य को केवल एक काम नहीं अपने भविष्य से जुड़ा अवसर समझा। शुरुआती दिनों में कई चुनौतियां सामने आयी। पौधों को सुरक्षित रखना, समय पर पानी की व्यवस्था करना, पशुओं से बचाव करना और मौसम की मार झेलना ये सभी बड़ी जिम्मेदारियां थी। लेकिन महिलाओं ने हार नहीं मानी।

## मनरेगा के पौधरोपण से गांव में रोजगार और स्थायी आजीविका का विकास

### पहली बार लगभग 5000 रुपए की हुई आमदनी

पंचायत और संबंधित विभागों से भी उन्हें मार्गदर्शन और सहयोग मिलता रहा। धीरे-धीरे पौधे बढ़ने लगे और उनकी मेहनत का फल दिखने लगा। खासकर आम के पेड़ों ने अपेक्षा से जल्दी फल देना शुरु किया। जब पहली बार पेड़ों पर फल आए तो महिलाओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने मिलकर आम की तुड़ाई की और उसे बाजार में बेचा। पहले ही प्रयास में उन्हें लगभग 5000 रुपये की आमदनी हुई।



### रोजगार के नए अवसर खुले

अब धीरे-धीरे अमरुद और करौंदा के पौधे भी फल देने की स्थिति में आ रहे हैं। आने वाले 2-3 वर्षों में इन पेड़ों से अच्छी खासी आय प्राप्त हो सकती है। करौंदा जैसे फल का उपयोग अचार, मुरब्बा और अन्य उत्पादों में किया जा सकता है जिससे स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे उद्योग भी शुरु हो सकते हैं। इससे गांव में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

## किसान संगोष्ठी में दी जा रही खेती की नई तकनीक की जानकारी

# खेती की सेहत सुधारने शुरू हुआ अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बिगड़ रही खेती को सुधारने के लिए हर ब्लॉक के 24-24 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा। इसी शुरूआत हो चुकी है। सौंगा, चोरभट्ठी, डोकाल सहित कई गांवों में किसान संगोष्ठी का आयोजन कर किसानों को खेती की तकनीक और जमीन सुधार के उपाय बताए गए।

अंधाधुंध रासायनिक खाद और कीटनाशकों के उपयोग से खेती जहरीली और जमीन बंजर होती जा रही है।

खेती की स्थिति को सुधारने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान का आगाज हुआ। विकासखंड धमतरी के ग्राम पुरी, बिजनापुरी, कुरूद के ग्राम दहदहा, चारभाठा, मगरलोड के ग्राम डुमरपानी, अमलीडीह, नगरी के ग्राम दरगहन एवं पथर्रीडीह में किसान रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह अभियान पूरे साल भर चलेगा, जिसके तहत चारों विकासखंड के 96 ग्रामों में कृषकों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मछली पालन, फसलों की उन्नत खेती के वैज्ञानिक पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।

इस अभियान के तहत बुधवार को मगरलोड ब्लाक के ग्राम सौंगा में किसान चौपाल लगाकर तकनीकी प्रदर्शन किया गया। कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों ने बीज उपचार, संतुलित उर्वरकों व नैनो यूरिया, नैनो डीएपी का उपयोग, मिट्टी जांच मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसा के बारे जानकारी दी। उन्होंने जैविक खेती को बढावा देने के लिए हरी खाद ढेंचा, नील हरित शैवाल का फसलों में उपयोग व उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। फसलों में कीटव्याधि, रोगों के उपचार की उन्नत तकनीक की जानकारी दी। इससे पहले कुरूद ब्लाक के चोरभट्टी, नगरी के ग्राम डोकाल में किसान चौपाल लगाई गई थी।

### प्रतिदिन दो गांव करेंगे कवर

इस अभियान के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। अपने-अपने ब्लॉक में रोजाना 2-2 तकनीकी दलों द्वारा 2-2 ग्रामों को कवर किया जाएगा। तकनीक दल का फोकस अनुशंसित मात्रा में संतुलित उर्वरकों का उपयोग एवं वैकल्पिक खाद के रूप में हरी खाद, नील हरित शैवाल एवं जैव उर्वरकों को बढ़ावा देने पर रहेगा। कृषि विभाग में संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्रीस्टेक परियोजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पैडी ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई, फसल चक्र परिवर्तन, स्प्रिंकलर एवं ड्रीप से उपयोग करते हुए जल संरक्षण एव संवर्धन, उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग, ड्रोन से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी खाद का छिड़काव, ऑयल पॉम मिशन, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती तथा केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाएगी।

# देवेंद्र ने राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

25 से 28 अप्रैल तक उदयपुर में राष्ट्रीय ओपन जूनियर सीनियर मास्टर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता हुई। कोच टिक्की निर्मलकर ने बताया कि धमतरी जिले के मास्टर एशियाई स्ट्रांग मैन इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र यादव ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया और पुनः राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में हर राज्य से खिलाड़ी आए थे और अपने हौसलों और हुनर का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर क्रीड़ा भारती धमतरी के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू विशेष सलाहकार डॉ सीएस चौबे, जिला कुश्ती संघ उपाध्यक्ष कैलाश यादव, उस्ताद योगेश साहू, भागवत यादव, ननकू महाराज, शासकीय नगरी कॉलेज के खेल अधिकारी देवेश जोशी, कोच रितेश साहू, रामकुमार साहू ने हर्ष जताया है।

## रेडक्रॉस सोसायटी की टीम ने राज्यपाल से की भेंट, भवन निर्माण की मांग रखी



- राज्यपाल ने पर्यावरण, नशा मुक्ति और सामाजिक सेवा अभियान की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा धमतरी की टीम ने कलेक्ट्रेट में महामहिम राज्यपाल रमेन डेका से भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने जिले में रेडक्रॉस द्वारा संचालित पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान तथा विभिन्न सेवा कार्यों की सराहना की।

उन्होंने आगामी 8 मई को रेडक्रॉस स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में धमतरी जिले से अधिक से अधिक सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

इस दौरान रेडक्रॉस सोसायटी की चेयरमेन प्राप्ति वासानी, वाइस चेयरमैन शिवा प्रधान, जिला संगठक आकाश गिरी गोस्वामी, जिला सदस्य हेमराज सोनी, गणेश साहू, होमेश चंद्राकर तथा प्रदेश प्रतिनिधि प्रदीप साहू उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर जिले में रेडक्रॉस भवन निर्माण की मांग की।

## स्वच्छता दीदियां वेस्ट मटेरियल से तैयार कर रहीं आकर्षक सजावटी सामान



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

नगर में स्वच्छता के साथ-साथ नवाचार को बढ़ावा देते हुए मणिकंचन सेंटर में स्वच्छता दीदियां वेस्ट मटेरियल से सुंदर और उपयोगी सजावटी सामग्रियां तैयार कर रही हैं। खाली समय का सदुपयोग करते हुए वे पुराने और बेकार समझे जाने वाले कचरे से गुलदस्ते, बुके सहित विभिन्न आकर्षक वस्तुएं बना रही हैं, जो घरों की सजावट में भी काम आ रही हैं।

विशेष रूप से पुरानी प्लास्टिक बोतलों का उपयोग कर तैयार किए जा रहे रंग-बिरंगे गुलदस्ते लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है, बल्कि कचरे के पुनः उपयोग (रीसायक्लिंग) का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत कर रही है। इस सराहनीय कार्य के पीछे सीएमओ हरिकिशन पावरिया एवं अध्यक्ष ज्योति हरख जैन की प्रेरणा का महत्वपूर्ण योगदान है। मणिकंचन सेंटर में प्रभारी बिंदु शर्मा के मार्गदर्शन में सभी स्वच्छता दीदियां पूरे उत्साह और प्रसन्नता के साथ इस दिशा में कार्य कर रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे स्वच्छता के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है।

## आमदी कालेज में प्राचार्य डॉ. मनदीप ने पदभार ग्रहण किया

**आमदी(धमतरी)।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में डॉ. मनदीप खालसा ने नवीन प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। डॉ. खालसा इससे पूर्व शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य के पद पर सेवारत थीं, जहां उन्होंने अल्प अवधि (लगभग डेढ़ वर्ष) में छात्रहित एवं संस्थागत विकास के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय सेमिनार का सफल आयोजन, महाविद्यालय कैंटीन का पुनर्निर्माण एवं सुव्यवस्थित संचालन, साइकिल स्टैंड शेड का निर्माण तथा जिला प्रशासन के सहयोग से अग्निवीर, एसएससी, व्यापम एवं रेलवे परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग जैसी महत्वपूर्ण पहले की गई। साथ ही विज्ञान संकाय की प्रयोगशालाओं के उन्नयन में भी उनका विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय आगमन पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, तरुण बनर्जी, अंकित बोधवानी, प्रसाद साहू सहित स्टाफ ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

## किसानों ने सीखे खेती करने के वैज्ञानिक तरीके



- विकसित कृषि संकल्प अभियान में मिली खेती संबंधित जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम डूमरपाली में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2026 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साहू, तिलोत्तमा साहू, मोहन साहू भाजपा मण्डल अध्यक्ष, सरपंच श्रीमती पुष्पा देवदास थे। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। इसमें मुख्य रूप से संतुलित उर्वरक उपयोग, हरी खाद का उपयोग, नील-हरित शैवाल का उपयोग के प्रति जागरूकता, बीज उपचार, जैविक खेती, नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी, ऑयल पाम की खेती, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल चक्र अपनाने के लाभ, पराली जलाने से होने वाले नुकसान तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केएस नरेटी, ग्रामीण कृषि अधिकारी विजयकांत साहू, गुलाब सिंह दीवान, श्रवण कुमार साहू, देवीराम साहू तथा आत्मा स्टाफ संजू दर्रो उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराकर उनकी आय में वृद्धि एवं सतत कृषि को बढ़ावा देना है।

# 10वीं में झरना व 12वीं में निधि अव्वल रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय से कक्षा दसवीं में दर्ज कुल 67 विद्यार्थियों में 45 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 22 व द्वितीय श्रेणी में 23 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 67.16 प्रतिशत रहा । प्रथम झरना पटेल 91.5 प्रतिशत, द्वितीय किरण 89.83 प्रतिशत एवं तृतीय देवव्रत चंद्राकर 84 प्रतिशत रहे। कक्षा 12वीं में दर्ज 59 विद्यार्थियों में कुल 45 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 76.26 प्रतिशत रहा । प्रथम श्रेणी में 31 व द्वितीय श्रेणी में 14 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। प्रथम कुमारी निधि 87.4 प्रतिशत , द्वितीय कुसुमलता 81.6 प्रतिशत एवं तृतीय युवराज 81.2 प्रतिशत रहे। शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेंद्र पटेल एवं सदस्यों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

परीक्षा परिणाम पर प्राचार्य अजीत कुमार ध्रुव, व्याख्याता मनीष चंद्राकर, भोज कुमार साहू, नवनीत जॉनसन, पद्मिनी गजेंद्र, इलिशिबा जॉनसन, मधुलता त्रिपाठी, एनिमा सोसन बेक, राकेश कुमार ध्रुव, शिक्षकगण महेश नागराज, भारती साहू, भेलकुमार चंद्राकर, कमलेश कंवर, प्रशांत चंद्राकर ने हर्ष जताया है।

# 10वीं में होमिका व 12वीं में अनन्या ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

यूनिक रीड इंग्लिश मीडियम स्कूल में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में होमिका ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। चांदनी 88 प्रतिशत, तुषा 85 प्रतिशत तथा साक्षी ने 83 प्रतिशत अंक अर्जित किया। 10वीं में कुल 17 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। 12वीं विज्ञान संकाय में छात्रा अनन्या देवांगन ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। हिमांशी ने 85.6 प्रतिशत, योगिष्ठ ने 82.2 प्रतिशत तथा मानसी ने 79.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

इसके अतिरिक्त डाकेश, श्रेयांश, लोहिता और तारिणी सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय की इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे प्रबंधन समिति की दूरदर्शी सोच, शिक्षकों का सतत परिश्रम और विद्यार्थियों के प्रति उनकी समर्पित भावना प्रमुख कारण रही। विद्यालय में आत्मनिर्भर शिक्षा की नीति के तहत छात्रों को स्व अध्ययन, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसका परिणाम इस वर्ष के बोर्ड परीक्षा परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

# भोथली स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

- बोर्ड परीक्षा में नौ विद्यार्थियों को मिला स्काउट गाइड राज्य पुरुस्कार बोनस अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शाउमावि भोथली का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं में कुल 48 विद्यार्थी थे जिसमें 44 उत्तीर्ण हुए व चार पूरक आए हैं। अनुत्तीर्ण निरंक है। 12वीं का परीक्षा परिणाम 91.66 प्रतिशत रहा। प्रथम खुशाल सेन, द्वितीय खिलेश्वरी व उपासना तथा तृतीय खुशी साहू रहे। बोर्ड परीक्षा में स्काउट गाइड के 9 छात्रों को राज्य पुरस्कार का 10 अंक बोनस प्राप्त हुआ जिससे उनके प्रतिशत में वृद्धि हुई। कक्षा दसवीं में 68.57 प्रतिशत परीक्षा परिणाम आया। 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में व दो छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। प्रथम डिंपल साहू 87 प्रतिशत, द्वितीय टामिन साहू 86 प्रतिशत, तृतीय भीमा साहू 83 प्रतिशत रहे। कक्षा ग्यारहवीं का परिणाम 81.81 प्रतिशत रहा। प्रथम विद्या 84 प्रतिशत, द्वितीय चंदन दास 81.8 प्रतिशत, तृतीय डेमिन 80.88 प्रतिशत रहे। नवमी का परीक्षा परिणाम 57.89 प्रतिशत रहा। प्रथम गुलशन कुमार 96.7 प्रतिशत, द्वितीय वीणा 92.81 प्रतिशत, तृतीय खीमा 78.57 प्रतिशत रहे। प्राचार्य एलके उपाध्याय ने कहा कि उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राएं समय का सदुपयोग करते हुए अनुशासन बद्ध होकर आगे बढ़कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सन्हरा, जनपद सदस्य दिलीप सेन, सरपंच श्रीमती शिवरात्रि ध्रुव, सदस्य अशोक सिन्हा, गुहलेद सन्हरा, बलीराम साहू, गंभीर साहू, व्याख्यातागण डॉ. गणेशप्रसाद साहू, एलएन साहू, राकेश साहू, धनंजय सोनकर, रामशरण मिश्रा, एलएन शांडिल्य, डोमन ध्रुव, गोविंद सिन्हा, विनोद ध्रुव, गोपेश साहू, महेंद्र साहू, उमाकांत साहू, डॉ. मंजूषा साहू गाइड कैप्टन, रेखा देहारी, रेणुका ध्रुव, दीप्ति शुक्ला, स्वाति सोरी, दुर्गा साहू, किशोरी कश्यप, विमला साहू, लखंतीन धनुषधारी एवं पंचों हर्ष जताया है।

## लइका घर ने मनाया वार्षिक उत्सव

**नगरी।** नगरी विकासखंड अंतर्गत संचालित लईका घर के वार्षिक उत्सव संगवारी तिहार का आयोजन बेलरगांव के स्कूल प्रांगण में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं लोक आस्था सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के समग्र विकास, देखभाल एवं प्रारंभिक शिक्षा को प्रोत्साहित करना तथा इस दिशा में कार्यरत देखभाल कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं योगदान को सम्मानित करना था। इस अवसर पर देखभाल कार्यकर्ताओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान समर्पित कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर गरिमा नेताम जिला पंचायत सदस्य, शिवनाथ मरकाम एवं पनलाल मरकाम जनपद सदस्य, हुमित कुमार लिमजा मंडल अध्यक्ष, इंदुमति मरकाम एवं रजनी नेताम सरपंच, नीलाम्बर नागवंशी, गजेन्द्र मण्डावी एवं कमितला धुर्व सरपंचगण, आरके देवांगन उपप्राचार्य सेकेंडरी हाईस्कूल, लता नेताम मुख्य कार्यकारिणी एवं सचिव, हेमनारायण मणिपुरी अध्यक्ष लोक आस्था सेवा संस्थान, नीलम खलखो प्रोग्राम मैनेजर, क्रेच प्रोजेक्ट, नगरी, सदानंद एवं रिंकश अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, अजीत मोहन चौधरी मोबाइल क्रेच, कोमल गुप्ता अवनिति, अनीता साहू आंगनवाड़ी सुपरवाइजर शामिल रहे।




## खबर संक्षेप

### कांकेर में कल होगा जिला स्तरीय स्टार्टअप वर्कशॉप

**कांकेर।** स्टार्टअप इंडिया, डीपीआईआईटी भारत सरकार द्वारा संचालित तेजस कार्यक्रम अंतर्गत देशभर के चयनित जिलों में स्टार्टअप वर्कशॉप आयोजित की जानी है। इसके तहत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा जिला स्तरीय स्टार्टअप वर्कशॉप का आयोजन 08 मई को जगदलपुर मार्ग स्थित एक निजी होटल कांकेर में सुबह 11 बजे किया जाएगा। उक्त कार्यशाला में जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारीगण, महिला स्व-सहायता, चेंबर ऑफ कॉमर्स, एमएसएमई एवं आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं लाईवलीहुड कॉलेज के विद्यार्थी सम्मिलित होंगे।

### निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकार

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अरूणोदय सेवा समिति अघननगर लट्टीपारा कांकेर में सामुदायिक हॉल का निर्माण कार्य के लिए 09 लाख 79 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा स्वीकृति आदेश की अनुशंसा सांसद निधि पोर्टल ई-साक्षी के माध्यम से किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### 4 मेधावी छात्र 10 को देखेंगे आईपीएल मैच

**कांकेर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के मेधावी छात्रों को रायपुर के स्टेडियम में 10 मई को आयोजित होने वाले आईपीएल मैच का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 4 विद्यार्थियों चारामा विकासखण्ड के हायर सेकण्डरी स्कूल लखनपुरी की महेश्वरी, कोयलीबेड़ा के हायर सेकण्डरी स्कूल कन्या कापसी की अपर्णा विश्वास और कांकेर विकासखण्ड के पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय नरहरदेव के यश खोब्रागढ़े तथा कक्षा 10 वीं में चारामा के निजी स्कूल की एक छात्रा ईशा दुर्गाशी को 10 मई को रायपुर भेजा जाएगा।

### युवक की सड़क हादसे में मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** लोहत्तर थानांतर्गत लोहत्तर निवासी 24 वर्षीय गौतम औरसा पिता स्व. रामसाय औरसा को गंभीर चोट आने कि वजह से 5 मई को मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया।

### तीन शराब कोचियों को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** नरहरपुर थाना पुलिस ने 5 मई को छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी नाथियानवागांव निवासी 57 वर्षीय राधेश्याम शेरी पिता लखन लाल शोरी के कब्जे से 7.20 लीटर अंग्रेजी शराब कीमत 4 हजार 430 रूपएं को जप्त किया, आरोपी भर्रीटोल निवासी 26 वर्षीय हेमंत उईके पिता देवलाल उईके के कब्जे से 9 लीटर अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया, आरोपी नावडबरी निवासी 25 वर्षीय चंद्रहास शोरी पिता स्व. पुनीत राम शोरी के कब्जे से 6.120 लीटर अंग्रेजी शराब कीमत 3 हजार 180 रूपएं का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

# दुकानों व डेयरी संचालकों पर कार्रवाई, 38,800 रु. का चालान काटा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगर निगम द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर निगम टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया, जहां कई दुकानों और डेयरी संचालकों द्वारा गंदगी फैलाने और स्वच्छता नियमों की अनदेखी पाई गई। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कुल 38,800 का चालान काटा गया। दो डेयरी संचालकों पर विशेष रूप से जुर्माना लगाया गया, जबकि विनय गौली की डेयरी को गंभीर लापरवाही के चलते सील कर दिया गया।

## गंदगी फैलाने वालों पर निगम ने की सख्त कार्रवाई, एक डेयरी सील



### पॉलीथिन जब्त, जागरूकता पर जोर

अभियान के तहत रामबाग से घड़ी चौक तक करीब 4 किलोग्राम पॉलीथिन और 10 नग डिस्पोजल सामग्री जब्त की गई। साथ ही दुकानों में डस्टबिन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता स्टिकर लगाए गए। स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना निगम की प्राथमिकता है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान में सुनील सालुंके, धनेश सिन्हा, मुकेश साहू, राजेंद्र नाग, गिरवर सिन्हा, सुरेश सिन्हा, सुनील रजक, अश्वनी राजपूत, यशवंत पटेल, गोलू पटेल और जिनेंद्र मारकंडे सहित टीम के सदस्य शामिल रहे।

### रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट को नोटिस

निरीक्षण के दौरान सोरिद स्थित रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट में भी स्वच्छता नियमों का उल्लंघन सामने आया। निगम प्रशासन ने संचालक को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर 10,000 की पेनल्टी जमा करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय में राशि जमा नहीं करने पर प्रतिष्ठान को सील करने की चेतावनी दी गई है। इस कार्रवाई से अन्य व्यापारियों में भी सतर्कता बढ़ी है।

## वार्डों में जर्जर और पुराने वाल्वों को बदलने का काम जारी

# इंटरकनेक्शन से संतुलित होगा पानी का दबाव



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

नगर निगम द्वारा शहर की जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर और सुचारू बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न वार्डों में पाइपलाइन इंटरकनेक्शन का कार्य तेजी से जारी है, जिससे पानी का दबाव संतुलित होगा और सभी क्षेत्रों में समान वितरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। इससे पहले कई इलाकों में असंतुलन के कारण कहीं कम दबाव तो कहीं ओवरफ्लो की समस्या बनी रहती थी, जिसे अब दूर किया जा रहा है।

नगर निगम जल विभाग द्वारा जर्जर और पुराने वाल्वों को बदलने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। नवागांव, बठेना, सिहावा चौक, महिमसागर, इतवारी बाजार और सेंचुरी गार्डन क्षेत्र में यह काम जारी है। पहले लीकेज के कारण लगभग 20 प्रतिशत पानी व्यर्थ हो जाता था, लेकिन नए वाल्व लगने से टंकियां अब 6 घंटे के बजाय करीब 4 घंटे में भर सकेंगी। इससे बिजली की बचत के साथ जल आपूर्ति अधिक प्रभावी होगी।



### नए ओवरहेड टैंक से मिलेगा स्थायी समाधान

नगर निगम क्षेत्र में 19 हजार से अधिक नल कनेक्शन हैं, जिनमें विभिन्न योजनाओं के तहत जलापूर्ति की जा रही है। 15वें वित्त आयोग से प्राप्त लगभग 8 करोड़ रुपये से जल संरचना को मजबूत किया जा रहा है। जालमपुर और सेंचुरी गार्डन में दो नए ओवरहेड टैंक बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिससे भविष्य में जल संकट की समस्या से राहत मिलेगी।

### सभी नागरिकों को मिलेगा पानी

जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने कहा कि नगर निगम जलापूर्ति व्यवस्था को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इंटरकनेक्शन और वाल्व परिवर्तन से पानी की बर्बादी रुकेगी, दबाव संतुलित होगा और हर वार्ड में नियमित आपूर्ति संभव होगी। आने वाले समय में नागरिकों को बेहतर सुविधा मिलेगी। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शहर के हर घर तक सुचारू पेयजल पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। नए ओवरहेड टैंक और पाइपलाइन सुधार से जल संकट दूर होगा।

# सुशासन तिहार शिविर में पहुंचीं निगम सभापति, व्यवस्था का लिया जायजा

- वार्डवासियों की समस्याओं का किया त्वरित समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



सुशासन तिहार अंतर्गत बठेना वार्ड एवं सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड में जनसमस्या निवारण एवं जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सभापति कौशिल्या देवांगन शिविर में पहुंचीं और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए वार्डवासियों से संवाद किया।

शिविर में विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया। वार्डवासियों द्वारा राजस्व, पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, बिजली सहित अन्य शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए। त्वरित कार्रवाई करते हुए कई समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया, जबकि शेष आवेदनों को शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित विभागों को अग्रेषित किया गया।

इस अवसर पर सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार जैसे आयोजन आमजन की समस्याओं को सीधे सुनने और उनके त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इससे लोगों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान संभव हो पाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। कार्यक्रम में आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, पार्षद बठेना श्यामलाल नेताम, भारती साहू पार्षद स.व.भा.पटेल वार्ड समेत अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

### मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि खिसोरा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा प्रमुख चंदन पटेल ने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। कक्षा 5वीं में प्रथम जागृति साहू पिता गोविंद साहू 95.50 प्रतिशत, द्वितीय लीसा साहू पिता अश्वनी साहू 95 प्रतिशत, कक्षा 6वीं में प्रथम प्रणव कुमार पिता रामप्रसाद साहू 96.51 प्रतिशत, द्वितीय अंजलि निषाद पिता मानिकराम निषाद 90.16 प्रतिशत,कक्षा 7वीं में प्रथम प्रतिभा साहू पिता रोहित साहू 98.66 प्रतिशत, द्वितीय वैष्णवी साहू पिता कमलसिंह साहू 97.66 प्रतिशत, कक्षा 8वीं में प्रथम लुभिना पिता हेमंत कुमार साहू 93.83 प्रतिशत, द्वितीय, योगेश्वरी पिता हेमंत कुमार साहू 93.17 प्रतिशत रहे।

# 26.66 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

## नगरी पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी

जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगरी पुलिस ने चार अलग-अलग स्थानों पर एक साथ दबिश दी। इस ताबड़तोड़ कार्रवाई में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कुल 26.66 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 4010 रुपये की बिक्री रकम जब्त की गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में नगरी पुलिस ने मुखबिर से प्राप्त सूचना एवं पूर्व शिकायतों के आधार पर विशेष टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से एक साथ चार स्थानों पर छापेमार कार्रवाई की। रेड के दौरान अवैध महुआ शराब के कई ठिकानों का भंडाफोड़ किया गया। मौके पर शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, भट्टियों एवं भारी मात्रा में लहान को नष्ट कर दिया गया, जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। दर्ज चार अलग-अलग प्रकरणों में कुल 4 आरोपियों में 2 पुरुष एवं 2 महिलाओं के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान बिरझुराम सोनबेर (55 वर्ष) के पास से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब, निर्मला नवरंग (45 वर्ष) से 3.5 लीटर शराब एवं 250 रुपये, लल्लन कुमार नवरंग (61 वर्ष) से 10.160 बल्क लीटर शराब एवं 200 रुपये तथा फगनी बाई (45 वर्ष) से 1.3 लीटर शराब एवं 150 रुपये बरामद किए गए। इस कार्रवाई में टीआई चक्रधर बाग, इंद्र साहू, गोपी चंद्राकर, योगेंद्र साहू, योगेश साहू, नीरज क्षत्रिय, धर्मेंद्र बघेल, गंगा मरकाम, आरती धुव का योगदान रहा।












